# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 26 फाल्गुन, 1937 (श0) / 16 मार्च, 2016 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 216

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | - | - | 99 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | - | - | 38 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | - | - | 14 |
| (4) जल संसाधन विभाग | - | - | 35 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | - | - | 21 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | - | - | 03 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | - | - | 04 |
| (8) पंचायती राज विभाग | - | - | 02 |
| | | कुल योग — | 216 |

## सड़क का पक्कीकरण

*1398. श्री राम विलास पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड में नारायणपुर, गेट से बदलाघाट, सौर होते हुये महगामा उच्च पथ तक सड़क जर्जर है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गैप की सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का जीर्णोद्धार

*1399. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के घोघा-सन्हौला पथ की मरम्मती 5 वर्ष पूर्व की गयी थी परन्तु पथ के जर्जर होने के कारण भागलपुर एवं गोड्डा जिला मुख्यालय से आवागमन में आमजन को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## स्लुइस गेट का निर्माण

*1400. श्री अनिल कुमार यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के मालिकपुर अमरौरी बलुवाही धार एवं अमरा में धोबहट्टा में स्लुइस गेट नहीं रहने से किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई होती है तथा बरसात बाढ़ की समस्या उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बलुवाही धार में स्लुइस गेट का निर्माण (कमतक) कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## नहर का जीर्णोद्धार

*1401. श्री राजू सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत भोरगंज प्रखंड स्थित मझरिया स्लुइस गेट से बरेवा, बालिकपुर, डोरपुर, [illegible] होते हुये [illegible] के मोगा पर जाकर मिलती है [illegible] प्रखंड स्थित मोखाडा चौड़ के समीप [illegible] होते हुये [illegible] तक जाती है नहर का जीर्णोद्धार एवं सतेह-कुन्हरा चौड़ में कटिया तक बाढ़ नियंत्रण रहने के कारण हजारों एकड़ जमीन पानी में डूबा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहरों का जीर्णोद्धार के साथ जल निकासी हेतु उपाय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिवाईडर का निर्माण

*1402. श्री संजय कुमार सिंह उर्फ संजय लाल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सासाराम मुख्य पथ, डिहरी-दुमरांव मुख्य पथ एवं विक्रमगंज-नटवार पथ काफी संकीर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क संकीर्ण होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएँ एवं जानमाल में काफी कठिनाई होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का चौड़ीकरण एवं उसपर डिवाईडर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1403. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी प्रखंड के पताही पंचायत स्थित लहलादेपुर गोप के पथ का निर्माण 20 वर्ष पूर्व में किया गया है जिसकी स्थिति जर्जर है, परन्तु वह ग्राम कोर नेटवर्क में शामिल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा ग्राम कोरनेटवर्क में शामिल सड़क का ही निर्माण कराने का निदेश दिया गया है जिस कारण उक्त पथ का निर्माण नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

पुल का निर्माण

*1404. श्री विजय कुमार मंडल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत सिकटी प्रखंड में रानी पुल का निर्माण वित्तीय वर्ष 2012-13 में शुरू किया गया है, जिसे 2014-15 में पूरा कर लेना था, लेकिन अभीतक पच्चास प्रतिशत कार्य ही पूरा किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1405. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में अठगोड़वा पहाड़ के नजदीक, ग्राम-साहोकर्मा के पास धावा नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर धावा नदी में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1406. श्री नारायण प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पू0 चम्पारण जिलान्तर्गत मड़ुआनी गाँव से नारी, तेलहुआ, गोखर चौक तक कच्ची सड़क है जिससे पाँच पंचायत प्रखंड मुख्यालय से जुड़ते हैं, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1407. श्री गुलशन पासवान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही, पिपरा घाट से अंधराठाढ़ी प्रखंड तक की पक्की सड़क मधुबनी जिला मुख्यालय के अंधराठाढ़ी प्रखंड जाने का मुख्य सड़क है, जिसके जर्जर रहने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल के मुहाने की सफाई

*1408. श्री सच्चीदानन्द प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया-केसरिया रोड में पीपरा किला मौ0 पर जल निकासी के लिये वर्ष 2015 के फरवरी माह में 38 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुछ लोगों द्वारा उक्त पुल का मुहाना मिट्टी से भर दिया गया है, जिससे पानी की निकासी बंद हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का मुहाना साफ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*1409. श्री प्रभुनाथ प्रसाद—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आगिआँव, चरपोखरी एवं गड़हनी प्रखंडों में विगत दो वर्षों से सरकारी नलकूप बंद पड़े हैं, जिसके कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तीनों प्रखंडों के बंद पड़े नलकूपों को चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1410. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अंतर्गत बरौली बाजार से निकलकर बघेची होते हुये शेर तक जाने वाली सड़क जर्जर है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1411. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के रामपुर, अलौली, गढ़ घाट में पुल नहीं रहने से चेराखेरा, गोरियामी, लड़डी, इचरूआ, आनंदपुर मास, छतपट्टी, तथवन, मेघौना के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कमाक रामपुर, अलौलीगढ़ घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1412. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखंड स्थित छपिया पंचायत के ग्राम-फेनहरा तथा फेनहरा गड्डी के बीच से डबरा नदी गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-फेनहरा से फेनहरा गड्डी जाने के लिये 6 कि0 मी0 की दूरी तय करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-फेनहरा तथा ग्राम-फेनहरा, गड्डी को जोड़ने के लिये डबरा नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ का अभिग्रहण

*1413. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत एस0 एन0 95 कोपरिया से रामपट्टी चौक, बनमा तक पथ निर्माण विभाग की सड़क है, जिसका 3 कि0 मी0 जिला परिषद् का सम्पर्क पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद्, सहरसा ने उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में हस्तान्तरण करने के लिये वर्ष 2003 में अनापत्ति भी दे दिया है, किन्तु अभीतक निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क पथ को अभिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1414. श्री रत्नेश साहू--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के खेल मैदान से किसनपुर पंचायत भवन होते हुये कुम्हार टोला, मानिकपुर तक की सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर रहने के कारण बरसात के दिनों में पानी लग जाता है, जिससे आवागमन बन्द हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1415. श्री अशोक कुमार(132)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बारिसनगर विधान-सभा में शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत पुनसा, धर्मपुर घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने की वजह से स्थानीय लोगों को एवं विशेषकर किसानों को आवा-जाही में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध का जीर्णोद्धार

*1416. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत लगभग 7 वर्षों से बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना फेज-2 के तहत कार्य हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परियोजना के 74.75 किलो मीटर पर लखनदेई नदी बागमती नदी में विलीन हो जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि लखनदेई नदी के दोनों किनारे का तटबंध विगत 15 वर्षों से जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था के साथ ही कई जगह पर पूरी तरह कट गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखनदेई नदी का फेज-2 के तहत ही जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया की मरम्मती

*1417. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 जनवरी, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''धीमा, देवोत्तर जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जर्जर'' के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमनखी प्रखंड में वर्ष 2010 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनायी गयी धीमा देवोत्तर 4.900 कि०मी० की मुख्य सड़क एवं सड़क में जगह-जगह स्थापित पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं सड़क में स्थापित पुलिया की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों की मरम्मती

*1418. श्री सारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कटिहार अंतर्गत ग्रामीण पथों के अनुरक्षण हेतु लोगों । के लिये प्रस्तावित कटिहार-पूर्णियाँ रोड से कनवा टोला एवं कटिहार-डंडखोरा पथ की स्थिति जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गोलम्बर का निर्माण

*1419. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर विधान-सभा क्षेत्र का दुर्घटना मोड़ (बाईपास) पर गोलम्बर नहीं रहने के कारण आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर गोलम्बर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1420. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के आर०ई०जी० सड़क से लाबाकुली तक कच्ची सड़क रहने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ से जोड़ना

*1421. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सभी महादलित टोलों को सम्पर्क पथ से जोड़ने का निर्देश वर्ष 2008-09 में सरकार द्वारा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड के भगुआहा, विश्वनपुर, आधार पंचायतों में 2008 से अधिक एक भी महादलित टोले को सम्पर्क पथ से नहीं जोड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त महादलित टोलों को सम्पर्क पथ से जोड़ना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

माप-तौल कार्यालय खोलना

*1422. श्री नन्दकिशोर यादव--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना सिटी अनुमंडल में एक माप-तौल विभाग का कार्यालय कार्यरत था, जिसे वर्ष 2013 में बिना किसी कारण के पटना सिटी से हटा दिया गया ?

(2) क्या यह बात सही है कि पटना सिटी राज्य का सबसे बड़ा व्यापारिक क्षेत्र है, जहाँ प्रतिदिन 60 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होता है, जिससे सरकार को इस व्यापारिक गतिविधि पर कर प्राप्त होता है, किन्तु इस कार्यालय को अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करने के कारण व्यापारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माप-तौल के कार्यालय को पूर्व की भाँति पटना सिटी अनुमंडल भवन के कार्यालय में खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डैम का निर्माण

*1423. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्र के कमलीजोर, डमहदवा बीयर, मुदवारा डैम, खुटहनी बीयर, गेहुआ डैम के निर्माण का पाँच वर्षों से प्रस्ताव है, परन्तु आजतक निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नये डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1424. श्री अरुण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सौरबाजार एवं बख्तियारपुर प्रखंड को जोड़ने वाली इनरवा से तरियाही पथ के बीच इनरवा से दक्षिण तिलावे नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वितरणी का जीर्णोद्धार

*1425. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के कमला डिवीजन, जयनगर अंतर्गत खिरहर शाखा नहर स्थित हत्थापुर परसा, मनमोहन फैन्ट वितरणी विगत 5 वर्षों से बंद रहने के कारण किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त फैन्ट वितरणी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1426. श्री लाल बाबू राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मकरा प्रखंड के पंचायत मुराहलोचनपुर में बखरी ग्राम के पास जमुआरी नदी पर बना पुल विगत चार वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1427. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के गंडौरा पंचायत का गंडौरा घाट पर रीपा नदी पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गंडौरा घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1428. श्री सुशील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिलान्तर्गत कुमरा प्रखंड के नरवैत पंचायत के कच्ची गली से तरियानी मध्य विद्यालय जाने वाली सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पुनर्निर्माण

*1429. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुजफ्फरपुर शहर स्थित बेलादेवी पथ पुल से सिकन्दरपुर पुराना कोठी होते हुए रामदास पथ तक जाने वाली पथ सड़क बाढ़ के कारण पथ के किनारे बाँध का निर्माण पूर्व की सड़क जर्जर हो जाने के कारण यातायात प्रभावित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित बाँध का चौड़ीकरण कर उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1430. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड स्थित बसुआ बाजार में गंडक नदी पर पुल निर्माण की घोषणा दिनांक 7 जुलाई, 2007 को की गयी थी, किन्तु निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*1431. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत सालमारी से आजमनगर तक की 12 कि०मी० लम्बी सड़क की चौड़ाई मात्र 9 फीट रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पुनर्निर्माण

*1432. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग ने वर्ष 2013 में बिहार पथ अस्तियों अनुरक्षण नीति, 2013 के तहत अपने सड़कों का रख-रखाव एवं पुनर्निर्माण का निर्णय लिया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना के तहत पूर्णियाँ जिला के भवानीपुर-रायपुर घाट पथ का पुनर्निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का मरम्मती

*1433. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनी, फरीदपुर प्रखंड के पंडोल-मुरहरा पथ से महदीपुर से अहेरा तक 2 कि०मी० सड़क तथा धनडिहुरी से अख्तयारपुर भाया पचासा, भसहा तक 2 कि०मी० तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1434. डॉ० सुनील कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ शहर के सोहसराय मोड़ के पूरब पंचाने नदी तक पुल बनाने की स्वीकृति वर्ष 2014 में हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल बनाने की स्वीकृति मिलने के बाद भी पुल का निर्माण नहीं हुआ तथा पुल के निर्माण की आवश्यक भूमि का अतिक्रमण हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि भुगतान करना

'क' *1435. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा बीमा योजना के तहत सभी बी०पी०एल० कार्डधारी परिवार का चिकित्सीय बीमा यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी, पटना द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिये किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बीमित व्यक्ति को इंश्योरेंस कंपनी द्वारा चिकित्सीय लाभ हेतु 30 हजार रुपये का अनुमानित राशि संबंधित अस्पताल को दिया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला में बी०पी०एल० कार्डधारियों के इलाजरत अस्पतालों यथा समीर मेमोरियल हॉस्पीटल, औरंगाबाद, बेतिया (2) श्याम तिवारी हॉस्पीटल, बेतिया, (3) आस्था हॉस्पीटल, बेतिया एवं अन्य अस्पतालों द्वारा बीमा कंपनी के यहाँ राशि भुगतान हेतु अप्रैल, 2015 से दावा किया गया है, लेकिन भुगतान अभीतक नहीं हो सका है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (3) में वर्णित अस्पतालों के दावों का भुगतान इंश्योरेंस कंपनी से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल-जमाव से मुक्ति

*1436. श्री नरेन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोरहा से होकर जगोरहा कोठी, डेमीभदहा, राजपुर कोठी से आगे की ओर जाने वाली सुगौली नदी गंडक में मिलती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1985 में विभाग द्वारा नदी में जल संचय कर किसानों को पटवन एवं अन्य कार्यों हेतु नदी के बीच का एक जरीब जमीन अधिगृहित किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी में जल संचय के लिये अधिगृहित भूमि में जल संचय की व्यवस्था कर किसानों को पानी उपलब्ध कराने तथा अन्य अगल-बगल के जमीन को जल-जमाव से बचाकर कृषि योग्य बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट - 'क'-श्रम संसाधन विभाग के ज्ञापांक 616, दिनांक 25 फरवरी, 2016 द्वारा स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित ।

पुल का निर्माण

*1437. श्रीमती प्रेमा चौधरी -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के गातपुर प्रखंडान्तर्गत भूत नदी में सेतुबंध पाट पर पुल नहीं रहने के कारण नदी के दोनों ओर से करीब 50 हजार की आबादी का आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध बनाना

*1438. श्री नीरज कुमार "बबलू"-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखंड में 2008 में आयी बाढ़ में सुरसर नदी के दोनों तरफ का बाँध ध्वस्त हो गया, जिसके वजह से वहाँ के अवामों का हजारों एकड़ फसल हर साल बरसात में बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस बाँध को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डैम की मरम्मती

*1439. श्रीमती सावित्री देवी-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्र के सोनो प्रखंड के बेलाडीह डैम एवं चकाई प्रखंड के अजय डैम , आसरा डैम एवं राजौरी डैम का वर्ष 2005 से ही मरम्मती कार्य नहीं हुआ है, जिससे पानी बर्बाद हो जाता है एवं किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त डैम की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1440. श्री अशिष्ट सिंह-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उग्रवाद प्रभावित जिला में आई० ए० पी० योजना के अन्तर्गत ग्रामीण पथ का निर्माण कराया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है किभारत सरकार द्वारा आई० ए० पी० योजना बंद कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि जिस जिला में आई० ए० पी० योजना चल रहा था, उस जिला में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से पथों का निर्माण नहीं हो रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उग्रवाद प्रभावित जिला में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अभियंता पर कार्रवाई

*1441. श्री जितेन्द्र कुमार-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत कराही सरार प्रखंड के ग्राम तरारी के लिये वित्तीय वर्ष 2013-14 में मुख्यमंत्री सड़क निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, किन्तु तीन वर्ष पूर्व निविदा के आलोक में सम्वेदक को कार्य आवंटन होने के पश्चात् आज तक मुख्यमंत्री सड़क निर्माण का कार्यारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसमें लापरवाही बरतने वाले संबंधित अभियंता एवं सम्वेदक पर कार्रवाई करते हुए इसका कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1442. श्री मनोहर प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत चितौड़िया ग्राम पंचायत के छोटी बथना मदरसा से रेवा टोला जाने वाली सड़क में महावीर सिंह के खेत तक कच्ची सड़क रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*1443. श्री मुद्रिका प्रसाद राय-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर नेवारी पथ इसुआपुर प्रखंड और तरैया प्रखंड को जोड़ने वाली पथ दो वर्षों से जर्जर है, जिससे आवागमन बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ के मरम्मती का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क को पूर्ण करना

*1444. श्री ललन पासवान-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सेहतगंज जिलान्तर्गत नवगछिया प्रखंड के रामनगर, मेकरी, मदरसा तुर्की चन्दपुरा तथा चेनारी [illegible] 12 कि०मी० लम्बी पथ का निर्माण प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया है तथा उक्त पथ का वित्तीय वर्ष 2008-09 में एन० पी० सी० सी० द्वारा निविदा आमंत्रित कर कार्य प्रारंभ किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा उक्त पथ में मात्र 20 प्रतिशत कार्य कर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे वहाँ के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य करने वाले संबंधित पदाधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये अधूरे सड़क को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पहुँच पथ का निर्माण

*1445. श्रीमती कुन्ती देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के पैमार नदी में विशेष वर्ष 2006-07 में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा 5.75 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण कराया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के पहुँच पथ का निर्माण अभीतक नहीं किया गया है, फलस्वरूप ग्राम चंदावक, नवादा के लोगों को आवागमन में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल के पहुँच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1446. डॉ० (मो०) जावेद—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत किशनगंज प्रखंड के टैडसा पं० अंतर्गत मनरेगा योजना से योजना सं०/वर्ष 04/12-13 के अंतर्गत सिमलबारी वार्ड नं० 1 बड़ा कब्रिस्तान में वृक्षारोपण कार्य 8 लाख 43 हजार 4 सौ प्राक्कलित राशि से वर्ष 2014-15 में की गयी है जिसमें कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1447. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड मुरिया ग्राम पंचायत से सोनकी रोड विगत 4 (चार) वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आर०ई०ओ० की सड़क जिला की अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क है, जिसके जर्जर होने से हजारों जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आर०ई०ओ० सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1448. श्री राहुल तिवारी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पिंडरा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत के कल्याणपुर ग्राम में आवागमन हेतु ब्रिटिश शासनकाल से ही लोहे का पुल निर्मित था, जो ध्वस्त हो गया है, इससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

मुख्य सड़क से जोड़ना

*1449. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008-09 में ही राज्य सरकार द्वारा प्रावधान किया गया था कि राज्य के सभी महादलित/दलित टोला को मुख्य सड़क से जोड़ा जायेगा, परन्तु मुजफ्फरपुर जिला के बोचहा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत मुशहरी एवं बोचहा प्रखंड स्थित मनीका, विशनपुर, चौंर, विशुनपुर, जगदीश, आसर इत्यादि पंचायतों में वर्तमान समय तक दलित/महादलित टोला को मुख्य सड़कों से नहीं जोड़ा गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों के दलित/महादलित टोला को मुख्य सड़कों से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वित कराना

*1450. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 5 जुलाई, 2014 को अरवल जिला में आयोजित मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना की बैठक में विवर्तमान विधायक की अनुशंसित योजना ''कोनी (प्रखंड कलेर) के सामने बड़ी नहर पुल निर्माण'' बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को हस्तांतरित किया गया है, परन्तु उक्त योजना का कार्यान्वयन अभीतक नहीं हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, अरवल के पत्रांक 632, दिनांक 6 अगस्त, 2014 से वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिये आवंटित कुल राशि 59 लाख रुपये भी बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को हस्तांतरित कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त सवालों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस योजना को कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*1451. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बागमती परियोजना के अधीन मुजफ्फरपुर जिला के धनौर ग्राम पश्चिमी टोला में बाँध हेतु ली गयी जमीन का मुआवजा राशि का भुगतान दो वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अभीतक भू-स्वामियों को नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाँध में जमीन देने वाले भू-स्वामियों को मुआवजा राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन सौंपना

*1452. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग,यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद मुख्यालय के अनुग्रह इण्टर कॉलेज में विगत सात वर्ष पूर्व भवन का निर्माण हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज के लिये निर्मित भवन का प्रभार कॉलेज प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त निर्मित भवन को कॉलेज प्रशासन को सौंपने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*1453. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला मुख्यालय के कोतवाली चौक से रैयाम-औसी जीरो माइल-जिसकी सड़क पथ निर्माण विभाग की सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सिंगल एवं जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1454. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बारिसनगर विधान-सभा में खानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रजवाड़ा ग्राम से रजवाड़ा चौर जाने के लिये सिंघराम झा के डेरा के पास बाढ़ा में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को एवं विशेषकर किसानों को आवा-जाही में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1455. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड के ग्राम-रामपुर पी०डब्लू०डी० सड़क से शासन डाला तक सड़क जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 15 वर्षों से उक्त सड़क की मरम्मती नहीं हुई है, जिससे आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1456. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया प्रखण्ड में सितलपट्टी बाजार से आर०ई०ओ० रोड, उच्चीडीह होते हुये रामाकरण, पकड़ी पी०डब्लू०डी० रोड तक की कच्ची सड़क विगत दो वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में उक्त सड़क पर पानी लग जाता है, जिसके कारण आमजनों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संवेदक पर कार्रवाई

*1457. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के बथानी, सिमरौर पथ की मरम्मती कार्य के दो महीना बाद ही कालीकरण उखड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राक्कलन के अनुसार कार्य गुणवत्ता की जाँच कराकर संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चैनल का निर्माण

*1458. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के डोकहाँ कोठी, कमालपुर, बिथरौल, जहाँगीरपुर, अंजनाकोट एवं माधोपुर गाँव के राजकीय नलकूप चालू हैं, लेकिन चैनल क्षतिग्रस्त होने से पटवन कार्य नहीं होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के राजकीय नलकूप के क्षतिग्रस्त चैनल का निर्माण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*1459. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के बरबन्ना पंचायत में कदम घाट में फारियानी नदी पर पुल नहीं रहने से बरबन्ना, बगुलाहा, कोशिकापुर उत्तर एवं कोशिकापुर दक्षिण पंचायत के 10,000 (दस हजार) आबादी को बरसात के दिनों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कदम घाट पर पुल बनाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1460. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद - क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड मुख्यालय से घाट-भटरा रामनगर तक की दूरी मात्र 1.5 कि0 मी0 है;

(2) क्या यह बात सही है कि 1987 के बाढ़ की विभीषिका में यह सड़क ध्वस्त हो गई थी, जो आजतक नहीं बन पाई है;

(3) क्या यह बात सही है कि मात्र 1.5 कि0 मी0 में तीन जगह शालग्राम जी के घर के पास भरन टोला मोड़ के पास एवं रामनगर के पास बाढ़ में बड़ा-बड़ा कटाव हो गया था, जिसपर आजतक पुल निर्माण नहीं हो सका है जिसके कारण वहाँ के वासियों को प्रखण्ड मुख्यालय तक जाने में 30 कि0 मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क एवं कटाव स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1461. श्री (मो0) तौसीफ आलम - क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज विधान-सभा क्षेत्र के पंचायत गुआड़ी के काली मंदिर चौक गड़गाँव में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से सड़क एक वर्ष पूर्व निर्माण हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क उखड़ने लगा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषी अधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1462. श्री ललन पासवान - क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत सासाराम विधान-सभा क्षेत्र के सासाराम दरिगाँव पथ से रंगपुर, बंहुई होते हुये गीता घाट आश्रम तक एवं सासाराम दरिगाँव पथ से मेहवा नदी तक पथ नहीं रहने के कारण आम जनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला की सफाई

*1463. डॉ0 राजेश कुमार - क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान-सभा क्षेत्र के एन0 एच0 28 सरोतर राघव नाला का की सफाई विगत 40 वर्षों से नहीं होने के कारण लाखों किसान सिंचाई से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नाला की सफाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1464. श्री अशोक कुमार (208) क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गोहास जिला अन्तर्गत जिलौंधू प्रखंड में निमियाडीह सिटौली पथ इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण पथ रहने के बावजूद विगत 8 वर्षों से मरम्मती नहीं हुआ है और जर्जर हो गया है जिससे आवागमन पूर्णतः बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले तीन वर्षों से इस पथ का जिला के प्राथमिकता सूची में रहने के बाद भी इसकी मरम्मती नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1465. श्री विद्या सागर केसरी क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के कुसमाहा पंचायत के केकट टोला के समीप सिप्पा नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति दो वर्ष पूर्व मिली थी, किन्तु अभीतक निर्माण कार्य लंबित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*1466. श्रीमती उषा यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोतिउद्दीनगर प्रखंड के महमदपुर, नवादा, सुलतानपुर एवं अनौरा पंचायत के राजकीय नलकूप विगत 15 वर्षों से बंद है, नलकूप बंद रहने से उक्त क्षेत्र के किसानों को पटवन करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बंद राजकीय नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलाशय का जीर्णोद्धार

*1467. डॉ0 रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के लक्ष्मीपुर प्रखंड में शारदा जलाशय योजना से किसानों का पटवन होता था, जो अभी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण वर्ष 2010 से पटवन बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जलाशय का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1468. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के बिशनपुर पंचायत के सिहरौल ग्राम में (वार्ड नं० 8) रमजानी के घर के निकट बौंसी डायरा के पास पुल नहीं होने के कारण वाहन एवं आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सूची का पुनरीक्षण

*1469. श्री अरुण कुमार (192)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बी०पी०एल० और ए०पी०एल० सूची को वर्ष 2007 में अद्यतन किया गया है किन्तु विगत 9 वर्ष की अवधि में जनसंख्या में वृद्धि तथा बी०पी०एल० और ए०पी०एल० में सूचीबद्ध लोगों की आय में वृद्धि या ह्रास हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बी०पी०एल० और ए०पी०एल० सूची का पुनरीक्षण कर अद्यतन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पद सोपान नहीं बनाने का औचित्य

*1470. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार महिला प्रसार पदाधिकारी, संवर्ग नियमावली, 2008, दिनांक 5 दिसम्बर, 2008 को अधिसूचित हुई है जिसमें महिला प्रसार पदाधिकारी का पद संवर्ग एकल स्तरीय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नियमावली में महिला प्रसार पदा० के प्रोन्नति हेतु कोई पद सोपान निर्धारित नहीं होने के कारण कार्यरत महिला प्रसार पदाधिकारी को मूल पद से ही सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो महिला प्रसार पदाधिकारी को प्रोन्नति हेतु पद सोपान नहीं बनाने का क्या औचित्य है ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1471. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, हरनौत के हरनौत प्रखण्ड अंतर्गत ग्रामीण कार्य पथ बोधनगर से चौरिया तक जिसकी लम्बाई लगभग दो कि०मी० एवं गोनावाँ निजाय लोक निर्माण पथ से संदलपुर तक लगभग डेढ़ कि०मी० पथ जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

लिफ्ट एरिगेशन की सुविधा देना

*1472. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड के डोरलपुर, माणिकपुर, अरसा पूर्वी सलेमपुर पंचायत गरखे नदी के बगल में बसा हुआ है, जहाँ सिंचाई का कोई साधन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में लिफ्ट एरिगेशन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1473. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के गुरूपा मुख्य सड़क से गोंड़े हुये कौड़िया ग्राम तक सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर सड़क नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1474. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत सोमावती क्षेत्र गलगलिया से कुम्हार टोली तक बी०ए०डी०पी० के तहत सड़क निर्माण कार्य हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पर कुम्हार टोली के पास पुल नहीं होने के कारण सोमावती क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का मरम्मती

*1475. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत जोरारी पंचायत में खड़वा गाँव से सीढ़ी मोड़ तक की सड़क जर्जर है, जिससे स्थानीय लोगों को आने जाने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*1476. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत दरगाहपुर पंचायत (उदय, महपारा) के पास कमला नदी के किनारे दलित टोला बसा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी में मोड़ के पास दलित बस्ती का कई घर कटाव के कारण नदी में विलीन हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1477. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत लौवा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बेगटोली-बोचागड़ी सड़क निर्माण चल रहा है, जिसका निर्माण स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण कार्य की जाँच कराकर संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1478. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में रफीगंज-कासमा पथ जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*1479. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कुढ़नी विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत सकड़ी, सरैया पंचायत में ग्राम-लुक्की, नंदलालपुर अंतर्गत 64,00,000 रु० की राशि से तालाब का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है, जो मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस योजना की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप की मरम्मती

*1480. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के शाहपुर पंचायत एवं धबौली पश्चिमी के सभी नलकूप विगत तीन वर्षों से खराब रहने से किसानों को सिंचाई में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी बंद नलकूपों को मरम्मती कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1481. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बेतिया स्थित मनुआपुल से नवनिर्मित सबल स्थित महात्मा बुद्ध सेतु तक स्टेट हाईवे के निर्माण की घोषणा 21 नवम्बर, 2012 को किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पाँच विधान सभा क्षेत्र बेतिया, नरकटिया, लौरिया, बगहा और वाल्मीकिनगर सहित बिहार से यू०पी० को जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में शुरू करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1482. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा एवं मधेपुर प्रखंड स्थित बिसहरिया से उदमा मुसहरी (सुन्दर विराजित पंचायत) तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क का निर्माण हो चुका है, परन्तु उस सड़क में गोहैया नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रोन्नति देना

*1483. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् कनीय अभियंता, सहायक अभियंता सेवा सम्वर्ग नियमावली 2000 के अनुसार राज्य के जिला परिषद् के कनीय अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति दिये जाने हेतु विभागीय सचिव की अध्यक्षता में एक प्रोन्नति समिति का गठन कर वर्ष में दो बार बैठक कर सभी पात्र कनीय अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति दिया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 16 वर्ष, पूर्व नियमावली का गठन कर दिये जाने के बावजूद आजतक मात्र एक बार प्रोन्नति समिति की बैठक वर्ष, 2011 में हुई है, जो नियमावली का उल्लंघन है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रोन्नति समिति की बैठक कराकर सभी पात्र कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*1484. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, जल पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ-धमदाहा-रूपौली राजकीय पथ पर अवस्थित काझा चौक, मोरगंज चौक तथा धमदाहा अनुमण्डल मुख्यालय चौक पर सड़क किनारे नाला निर्माण नहीं होने से बरसात में सड़क पर जल-जमाव हो जाता है, जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थलों में सड़क किनारे नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1485. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के०नगर प्रखण्ड अधीन पुल निर्माण निगम द्वारा डबरा पुल से डेवकी मोहनपुर जाने वाली पथ, जयप्रकाश नगर महादलित टोला जाने वाली पथ तथा सहरा पुला टोला जाने वाली पथ में पड़ने वाले धार पर तीन अलग-अलग पुल बनाये गये हैं, लेकिन उक्त तीनों पुल के निर्माण में संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तीनों पुल के निर्माण में गुणवत्ता की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का निर्माण

*1486. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत प्रखण्ड अलौली के प्रखण्ड कार्यालय का भवन एवं प्रखण्ड कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आवास जर्जर हो चुका है तथा चहारदीवारी ध्वस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक, प्रखण्ड कार्यालय का भवन एवं पदाधिकारियों/कर्मचारियों के आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का आवंटन

*1487. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत उप विकास आयुक्त कार्यालय का पत्रांक 946/15, दिनांक 26 मई, 2015 द्वारा कालाजार प्रभावित लाभुकों को इंदिरा आवास के तहत प्राप्त राशि 22,70,000 में से कुल 76 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि 19,77,000 रु० का भुगतान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि 2,93,000 रु० शेष राशि को सामान्य इन्दिरा आवास में समायोजित कर दिया गया, किन्तु जिन्होंने मकान कार्य पूर्ण कर लिया है, उनका द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लाभार्थियों का द्वितीय किस्त की राशि भुगतान सामान्य इंदिरा आवास की राशि से करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप को चालू करना

*1488. श्री अरूण कुमार (75)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में लगे एक सौ सात राजकीय नलकूप बंद है, जिसके कारण किसानों के खेत का पटवन ससमय नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बकाये का भुगतान

*1489. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत टिकुलिया पंचायत के हराजपुर महादलित बस्ती के लालदेव माँझी, मीनादेवी, मु० छठीया देवी सहित 130 मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का बैंक खाता वर्ष 2014 में खुलने के बावजूद अबतक भुगतान नहीं किया गया है, उक्त मजदूरों द्वारा वनपालक एवं वनपोषक के रूप में कार्य किया गया था तथा उनका भुगतान 2013-14 से लंबित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मजदूरों का बकाये का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*1490. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के बगुलाहा पंचायत के राजस्व मौजा बड़हरा में फरियानी नदी पर पुल नहीं रहने से बरसात के दिनों में कोशिकापुर उत्तर, कोशिकापुर दक्षिण, बेलसारा, मझुआ पंचायत के करीब 5000 लोगों का आवागमन का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बड़हरा में फरियानी नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1491. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत विधान-सभा क्षेत्र कुर्था के करपी प्रखण्डान्तर्गत ग्राम तिलिरा से चौहर मोड़ तक तीन कि०मी० लम्बी सड़क निर्माण हेतु वर्ष 2010-11 से ही आई०ए०पी० योजना से स्वीकृत है और जिसमें डेढ़ करोड़ रुपया आवंटित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आई०ए०पी० योजना के आवंटित राशि से उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1492. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखंड के नारायणपुर डेढ़पुरा में पन्ना लाल राय के घर के निकट वाया नदी पर एवं बालेश्वर चौधरी के घर से दक्षिण दियर जानेवाली सड़क से छोटा धाव पर पुल नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1493. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के बरदीखर ग्राम से पूरब भूरहा नदी में बरसात में पानी बढ़ने के कारण इस गाँव के लोगों को अपने पंचायत के ही दूसरे गाँव में जाना मुश्किल हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम बरदीखर से पूरब भूरहा नदी में पुल नहीं होने से इस पंचायत के सेठना, सलौना, बाजितपुर आदि गाँवों से आवागमन में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1494. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, कटिहार में पी०एम०जी०एस०वाई० अंतर्गत वर्ष 2007 में केन्द्रीय कार्य एजेंसी एन०सी०सी०सी० द्वारा हसनगंज से द्वारा 8.125 कि०मी० एवं छोटाबाड़ी-सोनैली पथ से मेहदई 2.61 कि०मी० तक ग्रामीण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि आठ वर्षों बाद भी आजतक उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तथा दोनों पथों का आंशिक निर्माण कार्य भी प्राक्कलन के अनुसार एवं गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण नवनिर्मित सड़क भी जर्जर हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों को चालू वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1495. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कुर्था प्रखंड के ग्राम-लारीगढ़ से ग्राम-सुरही तक पुनपुन नदी पर नवनिर्मित पुल मोतेपुर से भसौला ईदगाह तक एवं ग्राम-बरही से पिरही नदी तक पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीण जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1496. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरेराज जिला के पारसिमलाल प्रखंड के पिपरा पंचायत के पिपरा घाट के परमार नदी पर पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर पुल का निर्माण नहीं होने से अरसला, कुसमाहा, पिपरा पंचायत के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पिपरा घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1497. श्रीमती रमला देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के ग्राम-डोभी के हड्डी फैक्ट्री से गौरा सोना सोत तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1498. श्री राणा रणधीर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में मधुबन एवं चिरैया विधान-सभा को जोड़ने वाली सड़क में सिसहनी गौर के लगभग नारायण घाट पर पुल निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पईन का जीर्णोद्धार

*1499. श्री राजीव नंदन—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरुआ प्रखंड अन्तर्गत मगंडा पईन का वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण इसका स्वरूप खेत के रूप में हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1500. श्रीमती रमता देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के सिरिसमा पंचायत के ग्राम-खुटौरा से सिमरा तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1501. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के हरपुर कला ग्राम में महावीर राम के घर के निकट पूर्व भाग से दुमरी कला में दुखहरन पासवान के घर तक तथा दुमरी खुर्द ग्राम में स्व० शैलेन्द्र मोहन सिंह के घर के पश्चिम की ओर लड़कवा, लालदासी, धोनसर जानेवाली ईंट सोलिंग सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियमानुकूल सुविधा देना

*1502. श्री (मो०) नवाज आलम—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव मिल्क फेडरेशन (बामफेड) के शाहाबाद दुग्ध संघ के अन्तर्गत कार्यरत मजदूरों को स्वास्थ्य बीमा योजना, अवकाश दैनिक मजदूरी मात्र 26 दिन आदि की सुविधाएँ नहीं मिल रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि फैक्ट्री नियमानुसार महीने में चार दिन का अवकाश एवं 30 दिन का वेतन दिया जाता है, परन्तु आरा डेयरी कार्यालय में कार्यरत मजदूरों को 365 दिन कार्य करना पड़ रहा है;

(3) यदि उक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आरा डेयरी में कार्यरत मजदूरों को नियमानुकूल सुविधाएँ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चौंध का निर्माण

*1503. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी: क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर विधान-सभा में अर्जुनपुर गाँव से चड़का गाँव तक एवं मेन्दुल जेल से श्मशान घाट तक गंगा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव को गंगा नदी के कटाव से बचाने के लिये चौंध का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*1504. श्रीमती गायत्री देवी: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत सिरसिया से डिमाही, विष्णुपुर, फुलहरा, विष्णुपुर से परवाहा, रामभेलाही से अन्दौली, रामभेलाही से बचुरवन-मिर्जिग लिंक पथ में सड़क निर्माण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जगहों पर सड़क निर्माण नहीं होने से आम जनता को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1505. श्री नीरज कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखंड अंतर्गत गुरमेला से काढ़ागोला घाट होते हुये रानीचक, चकिया तक चौंध पर पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त चौंध पर पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*1506. श्री राहुल तिवारी : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 142 नलकूपों में से मात्र 12 नलकूप ही कार्यरत हैं और शेष 130 नलकूप बंद है, जिसके कारण किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बंद पड़े उक्त 130 नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1507. श्री राजीव नंदन : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, शेरघाटी के पत्रांक 256अनु0, दिनांक 23 मई, 2015 द्वारा गया-रफीगंज रोड के टेंडर स्वीकृति के लिए पथ निर्माण विभाग, पटना को भेजा गया था, किन्तु आठ माह बीत जाने के बाद भी पथ निर्माण विभाग, पटना द्वारा न तो टेंडर की स्वीकृति दी गयी और न ही रद्द किया गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1508. श्री विजय कुमार 'विजय' : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत प्रखंड बरियारपुर के घोरघट पेटी पुल का निर्माण कार्य विगत तीन वर्षों से बंद है, जिसके कारण गाड़ियों का परिचालन बंद हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस अर्द्धनिर्मित पुल का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1509. श्री विजय कुमार मंडल : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत सिकटी प्रखंड के सिकटी से दगाछी एन0एच0एम0, सिकटी पथ विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1510. श्री अबिदुर रहमान: क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत हडिया पंचायत के 95 एमबीएसी कैनाल पुल को ठीकेदार द्वारा तोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*1511. श्री अमरनाथ गामी: क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बरगांव जिला के डामापाट प्रखंड के कसतमपुर ग्राम पंचायत के अकराहा ग्राम में विगत एक वर्ष से नदी का कटाव हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कटाव से आरसीसी सड़क एवं कई घर प्रभावित हुये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना बनाना

*1512. श्री चन्द्रसेन प्रसाद: क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखण्ड एवं हिलसा प्रखंड के लिबड़ी जिला जिला से भारसू-नालन्दा सिंचाई योजना के बाईसी और तेइसी एवं हिलसा प्रखंड का पैन से सिंचाई कार्य वर्ष 2001-02 से हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के एकंगरसराय के बाईसी तेइसी पैन में पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल पानी नहीं आ रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाईसी एवं तेइसी पैन में सिंचाई जल पर्याप्त पानी लाने के लिये कोई योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गलती पर कार्रवाई

*1513. श्री फैसल रहमान: क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिंचाई विभाग के डाका स्थित निरीक्षण भवन का निर्माण कार्य एक साल पूर्व किया गया है, किन्तु उक्त भवन एक साल में ही जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त निरीक्षण भवन के निर्माण कार्य की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधूरे काम को पूर्ण करना

*1514. श्री (मो०) जलाल आलम :- क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरा जिला का आरा समाहरणालय भवन का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2014 में पूर्ण करना था, परन्तु अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आरा समाहरणालय भवन के अधूरे कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*1515. श्री बृजकिशोर सिंह :- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत चेरिया प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर गाँव के दक्षिण गहुअमेरा नदी में बाँध नहीं रहने के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1516. श्री विनोद यादव :- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र के सभुआ पंचायत के लगड़ा घाट कलोर नदी पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*1517. श्री मनोज यादव :- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के पीपरपाती, मोजमपुर, सलमपुर आदि गाँवों में गंगा से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को कटाव से बचाने हेतु बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी० एफ० खाता खोलना

*1518. श्री रामदेव राय :- क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मनरेगा में नियोजित पंचायत तकनीकी सहायक (पी० टी० ए०) तथा पंचायत रोजगार सेवक (पी० आर० एस०) का अप्रैल, 2012 से उनका लिंग मानदेय राशि से पी०एफ० की कटौती की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित कर्मियों के बीच पी० एफ० खाता खोले बी पी०एफ० राशि की कटौती की जा रही है, जबकि किसी भी कर्मी का नियमानुसार पी० एफ० खाता खोलने के बाद ही पी० एफ० राशि की कटौती की जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खंड (1) में वर्णित कर्मियों का पी० एफ० खाता खोलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1519. श्री गुलाब यादव:- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर प्रखंड के एन०एच० 52 में महथ डलान से एन०एच०आई० 57 को जोड़ने वाली पथ में निर्माण कार्य दो वर्षों से बंद है, जबकि यह पथ झंझारपुर से मधुबनी को जोड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

आवागमन बहाल करना

*1520. श्री जय वर्धन यादव:- क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दुलहीन बाजार प्रखंड में दुलहीन बाजार डिहुली पथ स्थित ग्राम नरहो में पानी का निकासी विगत तीन वर्षों से डिहुली पथ पर किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि नाली के पानी का निकासी सड़क पर होने से सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है और जगह-जगह कीचड़ एवं जल जमाव सालों भर रहता है, जिससे पाँच पंचायत के लोगों का आवागमन अवरुद्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाली का निर्माण कर जल जमाव से मुक्त कराते हुये दुलहीन बाजार डिहुली पथ पर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*1521. डॉ० रामानुज प्रसाद:- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर विधान सभा क्षेत्र के गोविन्दचक, गोपालपुर, राजापुर लहलादचक, कुरैयाँ, डौवा, भरपुरा, मिर्जापुर, गंगाजल, सबलपुर पश्चिमी आदि गाँवों में स्थापित राजकीय नलकूप 08 वर्षों विद्युत एवं यांत्रिक दोष के कारण बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों के राजकीय नलकूपों तक विद्युतापूर्ति एवं यांत्रिक दोष दूर करते हुये चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

सड़क का पक्कीकरण

*1522. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड के मेहसौल गोर पंचायत के पुपरी रोड से चन्द्रिका राम के घर होते हुये माई स्थान तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*1523. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के मस्तान चौक से बरवहा पथ तक पथ निर्माण विभाग की सड़क में गोधी हाट के निकट मुर्गी कोदी नदी पर बना स्कू पाइल पुल काफी जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल से बड़े वाहनों का परिचालन बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर स्कू पाइल पुल के स्थान पर आर० सी० सी० पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1524. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखंड के पंचायत रहिमपुर, रूपौली, लगुनिया, सुर्यकण्ठ, पंचायत बेसाडीह, पंचायत हरपुर, एलौथ, पंचायत मोहनपुर एवं आधारपुर में पंचायत सरकारी भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में पंचायत सरकार भवन नहीं रहने वहाँ के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1525. श्री जितेश कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी का आवासीय भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के ऊपर वर्णित पदा० का आवासीय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1526. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बूढ़ी गंडक नदी पर चंदवारा घाट एवं आमन घाट पर दो वर्ष पूर्व पुल का निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया है, उक्त दोनों पुलों के निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हो रहा है एवं कार्य गति बहुत ही धीमी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुलों की गुणवत्ता की जाँच एवं निर्माण कार्य समयपूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*1527. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड के ग्राम-निर्मली एस0एच0 76 से एन0एच0 106, ग्राम-सरहोचिया को जोड़ने वाली जिला परिषद् की सड़क जिसकी लम्बाई 15 कि0 मी0 से अधिक है, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने से आम लोगों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डिलका का निर्माण

*1528. श्री विजय कुमार "विजय"--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के धरिंगारपुर प्रखंड के कड़हड़िया दक्षिणी पंचायत के पिपरा के पास भगी नदी में डिलका नहीं रहने से किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भगी नदी में डिलका निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*1529. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के रहमतपाड़ा से शाहनगरा प्रधानमंत्री सड़क के महुआ गाँव के निकट महुआ घाट पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ के महुआ घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*1530. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखंड के हरिजाही डैम मुख्य नहर का अभिन्न अंग है परन्तु डैम मुख्य नहर में स्लूईस गेट का कार्य अधूरा रहने से वहाँ के किसानों को फसल हेतु सही सिंचाई के बिना सूख जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार हरिजाही डैम मुख्य नहर पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*1531. श्री अनिल कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के खजुरी से हरपुर कला तक सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना से वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रारंभ हुआ था, लेकिन वर्ष 2015 से कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1532. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज प्रखंड के टेउसा पं० अंतर्गत मनरेगा योजना से योजना सं० वर्ष 58/13-14 के अंतर्गत राजवन के घर के सामने से लेकर दिबु लाल के घर तक मिट्टीकरण कार्य 5,41,500 प्राक्कलित राशि से वर्ष 2015-16 में की गयी है, जो प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छिलका का निर्माण

*1533. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव प्रखंड के अन्तर्गत आँहिरो गाँव के पश्चिम कुम्हरी नदी में छिलका नहीं रहने से 25 गाँवों का सिंचाई कार्य प्रभावित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कुम्हरी नदी में छिलका निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव रोधी कार्य करना

*1534. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के ग्राम पंचगत परसामधो के ग्राम-परसामाधो में कोसी नदी के कटाव से विगत वर्ष सैकड़ों परिवारों का घर सहित उपजाऊ भूमि कटकर नदी की धारा में समा गया है, जिससे व्यापक पैमाने पर जान-माल की क्षति हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उस स्थान पर कटाव रोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*1535. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहाँ प्रखंड के अलावलपुर ग्राम पंचायत के ग्राम-आकरचक एवं ग्राम-जमालपुर अनुसूचित जाति बाहुल्य गाँव है, जो धरधा नदी के किनारे बसा हुआ है। हर साल नदी में बाढ़ के कटाव के कारण लोगों का घर नदी में विलीन हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में कटाव रोकने के लिये बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1536. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित सुन्दर विराजित पंचायत से बाथ पंचायत को जोड़ने वाली सड़क के गेहुआ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1537. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमार खंड प्रखंड के जमुवहा से कोहवार तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*1538. श्री रामसेवक सिंह -- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड फूलवरिया एवं प्रखंड हथुआ में ग्राम-बड़का गाँव टोला अलीचक, भवानी छापर, ठकुरीचक हरिहरा में वर्ष 2006-07 में नलकूप का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप अभीतक चालू नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों को चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1539. डॉ० रेणु गीता -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के पंचायत मदारीपुर के मदारीपुर से बसहड़पुर जाने वाली ग्रामीण सड़क जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन क्षेत्रों के लोगों को पुपरी अनुमंडल कार्यालय जाने के लिये यही एक मुख्य सड़क है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण, ऊँचीकरण, पक्कीकरण, पुल पुलिया एवं पक्का नाला निर्माण की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*1540. श्री नीरज कुमार -- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कुरसैला प्रखंड से बरारी प्रखंड तक गंगा के भीषण कटाव के कारण खोरिया, कटरिया, गुरूमेला, कानानगर एवं भंडारतल पंचायत के फसलयुक्त भूमि एवं गाँव गंगा में समाहित हो रहे हैं, जिससे उक्त दोनों प्रखंडों के एक लाख आबादी प्रभावित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कटाव के रोक थाम के लिये कटाव रोधक कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ की स्वीकृति

*1541. श्री संजय सरावगी -- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा शहर के रीनार चौक पर रेलवे गुमटी नं० 25 पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण की स्वीकृति तीन वर्ष पूर्व हो गयी थी एवं शिलान्यास दिसम्बर, 2013 में ही हो गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के सम्पर्क पथ की स्वीकृति अभीतक नहीं होने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त रेल ओवर ब्रिज नहीं बनने के कारण शहर के अधिकांश हिस्सों में यातायात जाम की समस्या बनी रहती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेल ओवर ब्रिज के सम्पर्क पथ को स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1542. श्री सैयद अबु दोजाना -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चेरौत प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारी के मध्य से रसलपुर एवं भुवना पुल से मिश्रीया टोल तक सड़क कच्ची एवं जर्जर रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बोरिंग चालू करना

*1543. श्री शम्भुनाथ यादव -- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के समेरी तथा चक्की प्रखंड में वर्ष 2012-13 में सिंचाई हेतु बोरिंग किया गया है, लेकिन चालू नहीं है, जिसके कारण ग्राम खड़हरा, ऐकवना-लहना के किसानों का 1000 एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बोरिंग को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1544. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत एल-127, नवीनगर बारून रोड से खदहा, एल 134 तोलढेंगो रोड से सोनवर्षा तथा एल 138 बारून नवीनगर रोड से खदहा रोड की स्वीकृति P.M.G.S.Y. योजना अन्तर्गत वर्ष 2013-14 में हुयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हो सका है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*1545. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत कुशेश्वर स्थान प्रखंड के सती घाट से राज घाट, बिरौल प्रखंड के मोसौनी, सेसाही मोड़ सड़क यातायात दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है जो जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1546. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अंतर्गत पथ प्रमंडल, हिलसा के चण्डी प्रखंड के चण्डी-सोहसराय पी०डब्लू०डी० पथ के जैतीपुर से नूरसराय-हिलसा पी०डब्लू०डी० पथ के राजाबाग तक लगभग तेरह कि०मी० लम्बी सड़क ग्रामीण कार्य विभाग का है, जिसकी स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण कार्य विभाग के पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1547. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मीनापुर प्रखंड के चाँदपरना पंचायत में गंडक नदी पर पुल नहीं है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गोलम्बर बनाना

*1548. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में सदर थाना अंतर्गत गोबरसही चौक पर चौराहा है, जो मुजफ्फरपुर शहर, समस्तीपुर, हाजीपुर एवं मोतिहारी रोड को जोड़ती है, काफी व्यस्त है एवं उक्त स्थान पर गोलम्बर न होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त चौराहा पर गोलम्बर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1549. श्री विजय वर्मा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड के बरवरिया पंचायत के रामपुर और बगही के बीच रामरेखा नदी पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गाद की सफाई

*1550. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका एवं घोड़ासहन प्रखंड में स्थित नहरों में गाद जमा होने के कारण सिंचाई कार्य नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहरों से गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*1551. श्री राम नारायण मंडल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला का बाँका, संथाल परगना, लकड़ीकांला, डोकुशन डोकर देवघर जिला तक जाने वाली सड़क अन्तर्राज्यीय सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क में चौतन तथा कुरार नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डोकुशन के आगे चौतन और कुरार नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल पूरा कराना

*1552. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करें कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड के दरियापुर, खुटहा सड़क में पुल का निर्माण 10 वर्ष पूर्व में शुरू हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी पुल का काम पूरा नहीं हुआ है जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के काम को पूरा करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल की मरम्मती

*1553. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सुरता हवौड़ी पथ विगत दो वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में एक पाईल पुल है, जिसके क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जर्जर पथ का पुनर्निर्माण करते हुये क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मती कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1554. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के औलिया जागेश्वर मंडल के घर से बालूपुर मनि किनार प्रदीप बाँध डाला से गौरू डकरा होते हुये जगदीश के घर तक के बीच आर0 सी0 सी0 पुल एवं पक्की सड़क नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के बीच आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण तथा सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*1555. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के खड़हारा-हनसारा पथ की मरम्मती 4 वर्ष पूर्व हुई थी, जो जर्जर हो गया है तथा यह पथ भागलपुर जिला के कहलगाँव सन्हौला प्रखंड से झारखंड जाने वाली मुख्य पथ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1556. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में ही पटना सदर प्रखंड कार्यालय का स्थल चिह्नितकर भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि पाँच वर्ष बीत जाने के उपरांत उक्त प्रखंड कार्यालय के भवन का निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व से चिह्नित स्थान पर पटना सदर प्रखंड कार्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*1557. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद प्रखंड के इब्राहिमपुर से कन्दुकौल तक सड़क विगत तीन वर्षों से जर्जर अवस्था में है, जिसे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1558. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा हाजीपुर-मुजफ्फरपुर के बीच 5 वर्ष पूर्व से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कार्य अभीतक अपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का कार्य अधूरा रहने के कारण पूरे उत्तर बिहार के लोगों को पटना जाने-आने में अधिक समय लगता है तथा उक्त परियोजना को पूर्ण करने की निर्धारित समय पूरा हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अधूरे कार्य को पूर्ण कराना

*1559. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत शिवसागर प्रखण्ड में बी0 आर0 28/55 सिलारी पथ से डुमरी शाहपुर पथ 4.05 कि0 मी0 एवं बी0 आर 28/56 सिलारी पथ से रसेन्दुआ भाया विषर बाँध तक 3.85 कि0 मी0 का पथों का निर्माण कार्य एन0 पी0 सी0 सी0 द्वारा वर्ष 2009-10 में शुरू किया गया था तथा कार्य अधूरा छोड़कर वर्ष 2011 में इसे बंद कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पथों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1560. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारु प्रखण्ड के चोचाही बाजार से सरैया होते हुये चैनपुरा पीच रोड तक एवं चाँदपुरा पीच रोड से नरवारा पीच रोड तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*1561. श्री विजय बिहारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के योगापट्टी, बन्दकार से साठी बाजार जाने वाली सड़क पिछले आठ साल से बन रही है और यह पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क आजतक पूरी नहीं हो पायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार संवेदक के ऊपर कार्रवाई करते हुये सड़क निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1562. श्री जितेश कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत जाले विधान-सभा क्षेत्र में कुम्हरौली, नरौल, बिहारी ब्रह्मपुर सड़क का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ था, जो जर्जर हो जाने के कारण आम आदमी को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1563. श्री राम विलास पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में दौलतपुर ग्राम से टिकलूगंज होते हुये मथुरापुर गाँव तक निर्मित सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*1564. श्री मौसूद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट ब्लॉक के काटा पंचायत के हनुमाननगर गाँव से सुम्ता गाँव तक सड़क के किनारे अतिक्रमण से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कर चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1565. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला में प्रधानमंत्री योजनान्तर्गत बने कसवा पथ एवं मदलानपुर पथ को जोड़नेवाली एक कि०मी० ग्रामीण पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुख्य मार्ग से जोड़ना

*1566. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड के धनसराय, धरहरा, जनार्दनपुर (मुख्य मार्ग), गाँव आज भी मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव की आबादी क्रमशः धनसराय 1,000 धरहरा 15,00, जनार्दनपुर 2,000 है;

(3) यदि दुर्गावती खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1567. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के मोहनी, टिकापुर गाँव से दक्षिण कोसी धार घाट पर पुल नहीं होने के कारण कसबा प्रखंड एवं पूर्णियाँ जिला मुख्यालय जाने में आम जनता को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*1568. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत प्रखण्ड देव के हरिआही नहर के पटाने राइट वितरणी नहर का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1569. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखंड में बाया नदी के रसलपुर, गनापुर घाट पर पुल नहीं होने एवं कजरी बुजुर्ग सुरहा पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1570. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम पहाड़पुर में प्रभु पासवान के घर से गोपाल केड़ा होते हुये चहुटकट तक सड़क नहीं है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विसंगति दूर करना

*1571. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिंचाई विभाग के अंतर्गत मोहर्रिर पद हेतु योग्यता मैट्रीक है एवं सिंचाई राजस्व निरीक्षक पद का इंटरमीडिएट है;

(2) क्या यह बात सही है कि मोहर्रिर को संकर्षीय प्रोन्नति सिंचाई राजस्व निरीक्षक के पद पर दिया जाता है यानी मोहर्रिर से सिंचाई राजस्व निरीक्षक उच्च पद है;

(3) क्या यह बात सही है कि दिनांक 1 जनवरी, 1996 से ही मोहर्रिर का संशोधित वेतनमान 4,000-6,000 स्वीकृत कर दिया गया है, जबकि सिंचाई राजस्व निरीक्षक का वेतनमान 3,200-4,900 ही रह गया है, जो वेतन विसंगति है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वेतन विसंगति को दूरकर सिंचाई राजस्व निरीक्षक को पद के अनुसार मोहर्रिर से वरीय वेतनमान देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध का निर्माण

*1572. डॉ० विनोद प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत डोभी प्रखंड में नीलाजन नदी में पीण्डरा से मंजरी तक नदी का कटाव तेजी से होने के कारण किसानों की जमीन नदी में विलीन हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नीलाजन नदी में उक्त स्थान पर नदी कटाव रोकने हेतु नदी में तटबंध निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विषर का जीर्णोद्धार

*1573. डॉ० रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत उमाई विषर के जर्जर हो जाने के कारण वर्ष 2010 से पटवन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विषर का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*1574. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर, बछवाड़ा, मंसूरचक सहित 19 प्रखंडों में दो सौ से अधिक सरकारी नलकूप पन्द्रह वर्षों से बंद हैं, जिससे किसानों को पटवन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संवेदक पर कार्रवाई

*1575. श्री रामविशुन सिंह -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के अरैला से मनुडीह एवं दुलौर से बिहियाँ भाया रलनडीही सड़क में संवेदक द्वारा प्राक्कलन एवं मानक के अनुरूप सामग्री नहीं देकर सड़क निर्माण कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की गुणवत्ता की जाँच एवं इसके लिये दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1576. श्री रमेश ऋषिदेव -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत शंकरपुर प्रखंड के गम्हरी पंचायत के शंकरपुर से त्रिवेणीगंज जाने वाली सड़क के कोसी चौक के पास नदी पर पुल नहीं है जिससे आवागमन में लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*1577. श्री सुरेन्द्र कुमार -- क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड अवस्थित है जिसका प्रखंड मुख्यालय परिसर का चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड परिसर की चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1578. श्री प्रमोद कुमार -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के बरवा लखौरा पथ पर एवं बरवा करमौला महादलित बस्ती के बीच ग्रामीण कार्य विभाग के पथ पर स्थित पुल जर्जर है जिसके पुनर्निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी द्वारा 2014 में मुख्यालय पटना को भेजा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*1579. श्री सीताराम यादव-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी, जयनगर एवं खजौली प्रखंड स्थित सभी राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से बंद रहने के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में स्थापित बंद राजकीय नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1580. श्री सरोज यादव-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत विशुनपुर मोड़ से फेंकन राम के घर होते हुये समरा शिवनारायण राय के घर तक, संरया से ट्रक डाला होते हुये नथमलपुर घाट तक, माँ मेदरणी विद्यालय से छोटका इटहना तक पथ का निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया गया है जिसमें निर्माण के एक माह के अन्दर ही पथ जर्जर हो गया है एवं विशुनपुर मोड़ से फेंकन राम के घर होते हुये शिवनारायण राम के घर तक जिसकी लंबाई 997 मीटर है वहाँ मात्र 500 मीटर ही पथ का निर्माण हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों की गुणवत्ता की जाँच एवं कार्य पूर्ण कर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1581. श्री बृजकिशोर सिंह-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत चैनपुर प्रखंड स्थित सिरसी गाँव के पास स्थित नहर का पुल टूट जाने के कारण विगत एक साल से चार किलो मीटर की अतिरिक्त दूरी तयकर प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

नलकूप चालू करना

*1582. श्रीमती रूपा यादव-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के रूपौली एवं हसनसराय के पंचायत के सभी राजकीय नलकूप विगत 20 वर्षों से बंद रहने के कारण किसानों को पटवन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बंद राजकीय नलकूप को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

पुल का निर्माण

*1583. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत हयातपुर पंचायत के 67 आर०डी० कैनाल पुल को ठीकेदार द्वारा तोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना में शामिल करना

*1584. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नेपाल से आनेवाली कोसी नदी के बाढ़ से मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णियाँ एवं अररिया जिलों में काफी क्षति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोसी पुनर्वास योजना के तहत बाढ़ से क्षतिग्रस्त जिलों में सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णियाँ एवं अररिया को शामिल किया गया है, जबकि मधुबनी जिला को छोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोसी पुनर्वास योजना में छूटे हुये मधुबनी जिला को शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ बनाना

*1585. डॉ० सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के रहुई प्रखंड के फतेहपुर, बेलदरिया, बगौरिया, मुस्तफापुर, कुमरडीह में अभीतक संपर्क पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण बरसात के दिनों में उक्त गाँवों के लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में बारहमासी एकल संपर्क पथ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1586. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत सिसवाँ से सुरहा तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1587. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर प्रखंडान्तर्गत नून नदी के अहमदपुर घाट पर पुल नहीं रहने के कारण नदी के दोनों किनारे निवास करने वाले 30,000 (तीस) हजार ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1588. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के पंचदेवरी प्रखंडान्तर्गत भगवानपुर पंचायत के ग्राम-बगहवा नगर से ग्राम-कुबेजी सड़क तक जाने वाले पथ विगत 3-4 वर्षों से जर्जरावस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराकर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध का निर्माण

*1589. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारुन प्रखंड में पुनपुन नदी से नवीनगर के ग्राम-सोनडरी, मोगलानी करमा, सोहदा, रिठर, देवदी में तथा बारुन प्रखंड के ग्राम-दुधैला, फौदू में कटाव हो रहा है परन्तु अबतक उक्त गाँवों को बचाने के लिये रक्षा तटबंध का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कटाव रोधक रक्षा तटबंध निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1590. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान-सभा क्षेत्र के जनपरूआ गाँव से नारायणपुर होते हुये कल्याणपुर प्रखंड के एन०एच० 28 तक सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बियर का निर्माण

*1591. श्री जगदानंद मांझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत जौसी कैनाल डिवीजन के अंतर्गत सुखनिया बियर 1995 के बाढ़ में ध्वस्त हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बियर ध्वस्त होने के कारण चौरी, कुडरो, मारूआ, सिकन्दपुर एवं डहुआ पंचायत को किसानों के खेत सिंचित नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बियर का निर्माण कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1592. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड अंतर्गत बड़हरिया के भगवानपुर पथ सोहजौरा ग्राम होते हुये मांझा थाना तक जाने वाली सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1593. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसण्ड प्रखंड के ग्राम पंचायत भण्डारी के ग्राम-जगनगर में महेन्द्र भगत के घर से दमामी अतिपिछड़ा मुहल्ले तक आई०ए०पी० योजनान्तर्गत फरवरी, 2013 में डेढ़ कि०मी० सड़क की स्वीकृति मिली थी, किन्तु आजतक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---

पथ का निर्माण

*1594. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के ग्राम-सौसवापर से निजामपुरा माफी होते हुये पेड़का के आगे तक पथ का अधिग्रहण वित्तीय वर्ष 2014-15 में पी०डब्लू०डी० में किया गया है लेकिन आजतक उक्त पथ का कार्यारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का कार्यारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1595. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया प्रखंड के सिताकुण्ड से टिकुलिया जाने वाली पथ में लखना पुल विगत दो वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ एन०एच० 28 से जुड़ता है, लेकिन पुल क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन एवं वाहनों का परिचालन बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त पुल का नये सिरे से निर्माण कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य शुरू नहीं करने का औचित्य

*1596. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के पमरा महरानी स्थान से राजेन्द्र चौधरी महादलित बस्ती होते हुये पंचायत भवन तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु आई०ए०पी० योजना अंतर्गत फरवरी, 2013 में चयन किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

पथ की मरम्मती

*1597. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के ग्राम-सरहचिया से देवधा तक सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का विगत 15 वर्षों से मरम्मती नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा देना

*1598. श्री अशोक कुमार सिंह(203)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला में सोन नहर के गारा चौबे और करगहर राजबाहा में पानी कम रहने से किसानों के खेती की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित नहरों में पानी छोड़कर सिंचाई सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1599. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला से खगड़िया जिला को जोड़ने हेतु कुशेश्वर स्थान से कुलतोड़ा घाट तक सड़क वर्ष 2014 में स्वीकृत हुई थी, किन्तु निर्माण कार्य अभीतक प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1600. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के पंचदेवरी प्रखण्डान्तर्गत महबलिया पंचायत के ग्राम तिवारी छपरा में राम ईश्वर राम के घर से चवर होते हुये सेतरिया जगन्नाथ नहर तक का कच्ची पथ वर्ष 2012 से गड्ढे में तब्दील हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराकर पी०सी०सी० ढलाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर की मरम्मती

*1601. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखण्डान्तर्गत कटैया से साहुगढ़ तक की छोटी केनाल नहर वर्ष 2008 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण इस केनाल में पानी नहीं छोड़ा जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस केनाल में पानी नहीं छोड़ने से कटैया लालपट्टी सुखासन एवं साहुगढ़ पंचायत के हजारों एकड़ में कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस नहर (केनाल) की मरम्मती करवाकर कृषि कार्य हेतु पानी छोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1602. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सलखुआ प्रखण्ड के कोशी बाँध एम०डी०आर०टी०ओ० 3 से गोरियारी शर्मा टोला पथ का निर्माण पी०एम०जी०एस०वाई० से हो गया है, किन्तु उक्त पथ में ड्रेनेज पर पुल निर्माण नहीं होने से इसकी उपयोग नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ के ड्रेनेज पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छिलका पुल बनाना

*1603. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के रेलवे मैदान के पास किउल नदी में धोबीघाट से लखीसराय जिला मुख्यालय जाने में नदी में पानी रहने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी के धोबीघाट के नजदीक छिलका पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पुनर्निर्माण

*1604. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के डी०आर०एच० चौक से भाया-कोरबड़ा, लगुसिया रकबंध, रामपुर कोशीपट्टी, शीतलपट्टी होते हुये हुरहिया तक जानेवाली ग्रामीण सड़क जर्जर एवं संकीर्ण है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आर०डब्लू०डी० पथ को आर०सी०डी० पथ में स्थानान्तरित कर उसका पुनर्निर्माण कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

*1605. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला का सोनभद्र बंशीसूर्यपुर प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण अबतक नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड का कार्यालय भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1606. श्री मंगलाल चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत संगटा पंचायत के ग्राम-मिलकी पी०डब्लु०डी० रोड से मंगनिया गाँव तक एवं मगनिया गाँव से बाटा, वासुदेवपुर तक सड़क जर्जर है, जिससे लोगों को आने जाने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*1607. श्री भोला यादव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखंड अंतर्गत सैदपुर (पंचायत गोसाईपट्टी) बागमती नदी के किनारे बसा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी के किनारे का बहुत बड़ा भू भाग का कटाव हो चुका है एवं महिनत कटने के करीब है;

(3) यदि उपर्युक्त बातों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1608. डॉ० शकील अहमद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड अंतर्गत सेमरी से खरहाकियाँ होते हुये मिसोईयाँ तक कच्ची सड़क है जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*1609. डॉ० विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी से गया मार्ग घेरकी सड़क में शेरघाटी नई बाजार से घेरकी बाजार तक सड़क जर्जर है, जिसके कारण वाहनों के परिचालन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1610. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत गलबनैली से पश्चिम धनरवनिया घाट पर बना पुल विगत 25 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*1611. श्री रामनारायण मंडल -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाँका प्रखंड में जोगढीहा-रैनिया पथ एवं बेलारीकर-बैथा पथ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़क जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, जिससे इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1612. श्री राणा रणधीर -- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मधुबन विधान-सभा के दो प्रखंडों क्रमशः मधुबन तथा फेनहरा को जोड़ने वाला ककरहिया नाला पर पुल नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ककरहिया नाला पर पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1613. श्री सैयद अबु दोजाना -- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चेरौत प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत, परिगामा के डबरवना से महीना तक एवं जोगियाकुटी से विद्यालय तक की सड़क कच्ची रहने के कारण ग्रामीण जनता को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 16 मार्च, 2016 (ई०) ।

राजीव कुमार,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

वि०स०मु० (एल०ए०), 186--डी०टी०पी०--500--